# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ


प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष

**वैद्यनाथ प्रसाद**

( बी. एन. प्रसाद )

महासचिव

**विपिन कुमार सिन्हा**

( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष

अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)

महासचिव : 2286093 (R)

उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)

कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष

**कृष्ण मुरारी शर्मा**

**अर्जुन प्रसाद**

संयुक्त सचिव

**सहादत हसन मन्टू**

**रजनीश कुमार सिंह**

कोषाध्यक्ष

**महेश प्रसाद गुप्ता**


---

पत्र संख्या 12 दिनांक 20-5-04

सेवा में,

मानननीया मुख्य मंत्री,
बिहार सरकार

महादया,

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा पूर्व में ज्ञापनों के माध्यम से बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को हो रही कठिनाईयों एवं मांगों के संबंध में आपका तथा राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। अभी तक ठोस रुप में न तो किसी कठिनाई का निराकरण हुआ और न ही किसी मांग की पूर्ति ही हुई है ।

संघ का अनुरोध है कि इस विषम स्थिति में भवदीय के स्तर पर एक बैठक आयाजित की जाय, जिसमें राज्य सरकार के संबंधित पदाधिकारियों के साथ संघ के प्रतिनिधिमंडल को भी बुलाया जाय ताकि बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की कठिनाईयों एवं मांगों के संबंध में चल रहा गतिरोध दूर हो सके । सुलभता हेतु कठिनाई एवं मांगों से संबंधित ज्ञापन की एक प्रति भी इस पत्र के साथ संलग्न है ।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

(वैद्यनाथ प्रसाद)
अध्यक्ष

प्रतिलिपि : मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव, मुख्य मंत्री सचिवालय, बिहार, पटना ।
मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना ।
सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या                                                                 दिनांक

## ज्ञापन

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ इस ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार एवं माननीया मुख्यमंत्री का संघ के निम्नांकित कठिनाई एवं मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहती है :-

1. सर्वप्रथम संघ कार्मिक एवं प्र0सु0विभाग में एक पूर्णकालिक सचिव के पदस्थापन की मांग करती है। साथ ही एक अपर / संयुक्त सचिव के पदस्थापन की आवश्यकता की ओर ध्यान आकृष्ट करती है ।

2. बिहार प्रशासनिक सेवा प्रथम प्राथमिकता की सेवा है । पूर्व में बिहार असैनिक सेवा की दो उप शाखाऐ थी। कार्यपालिका शाखा एवं न्यायपालिका शाखा । दोनो शाखाओं के लिए समान वेतनमान था । न्यायपालिका शाखा जो अब न्यायिक सेवा कहलाता है के लिए 9000–14,500/– रुपये का वेतनमान स्वीकृत हुआ है । यहा तक कि विश्वविद्यालय के व्याख्याताओं को भी 8000–13500/– रुपये का वेतनमान दिया जा चुका है । परन्तु कार्यपालिका शाखा, जो अब बिहार प्रशासनिक सेवा है के लिए पंचम वेतन पुनरीक्षण 2200–4000/– रुपये के वेतनमान का सुसंगत पुनरीक्षित वेतनमान 8000–13500/– रुपये भी नहीं दिया गया है । पुनः प्रशाखा पदाधिकारी एवं पूर्व के पर्यवेक्षीय कई पदो के लिए 6500–10500/– रुपये का पुनरीक्षित वेतनमान दिया गया है । कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से बिहार

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या

दिनांक

प्रशासनिक सेवा को 8000–13500/– रुपये का पुनरीक्षित वेतनमान औचित्यपूर्ण है।

3. वर्ष 1999 के बाद बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का किसी स्तर पर प्रोन्नतियां नहीं हुई है। विगत पांच वर्षों से सभी स्तर पर रिक्तियां हैं। सभी पद प्रशासनिक दायित्व के हैं और अधिकांश पद कार्यालय प्रधान के हैं, जिस कारण पदों की रिक्ति से कार्य में बाधा हो रही है और विकास की गति पर प्रभाव पड़ रहा है। राज्य सरकार के मध्यम स्तरीय उच्चतर पदों में से आधा से अधिक रिक्त हैं, जिस कारण न केवल बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों में असंतोष एवं कुंठा व्याप्त हो रहा है बल्कि राज्य द्वारा भी कार्य कराने में कठिनाई महसूस की जा रही होगी।

बिहार प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति वर्ष 2001 से नहीं हुई है और कुल 44 पद रिक्त हैं।

संयुक्त सचिव / उप विकास आयुक्त के कुल परिणामी रिक्तियां 60 के लिए पैनल बना कर प्रोन्नति आवश्यक है।

उप सचिव / अपर जिला दण्डाधिकारी स्तरीय कुल परिणामी रिक्ति 180 है, के विरुद्ध पैनल तैयार करा कर प्रोन्नति अपेक्षित है।

अवर सचिव / अनुमंडल पदाधिकारी स्तरीय कुल परिणामी रिक्तियां 200 है, के विरुद्ध पैनल बना कर प्रोन्नति दिया जाना है।

TWT
Truth will Triumph

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1
( पंजीयन-633/2003 )

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )
महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

दिनांक

पत्र संख्या

4. बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की ओर से अखिल भारतीय सिविल/राज्य प्रशासनिक सेवा फेडरेशन के दिसंबर 03 की बैठक में भाग लेने पर ज्ञात हुआ कि भारत वर्ष के लगभग सभी राज्यों में पूर्ववत् प्रोन्नतियां दी जा रही हैं। बिहार सरकार के अधीन सिंचाई, स्वास्थ्य एव पथ निर्माण विभागों में भी प्रोन्नतियां दी गयी हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेशानुसार प्रोन्नतियां देने में कोई रुकावट नहीं है और इसी कारण से माननीय पटना उच्च न्यायालय के आदेशानुसार संयुक्त सचिव के 10 पदों पर प्रोन्नतियां दी गयीं । अतः कार्मिक एवं प्र0सु0विभाग के संकल्प संख्या 213 दिनांक 07.06.02 को अवेन्स (Abeyance) में रखते हुये अविलंब प्रोन्नतियां दिया जाना राज्य एवं कर्मी दोनों के हित में है।

5. राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित वृति उन्नयन (ACP) योजना लागू की गई है । परन्तु 12 वर्षो से अधिक अवधि से बेसिक ग्रेड में ही रह रहे बिहार प्रशासनिक सेवा के सैकड़ो पदाधिकारी अभी तक इस लाभ से वंचित हैं।

6. बिहार प्रशासनिक सेवा के कई पदाधिकारी वर्षों से निलंबित हैं और विभागीय कार्यवाही का स-समय संचालन नहीं हो पा रहा है । कार्मिक एवं प0सु0विभाग के परिपत्र संख्या 9160 दिनांक 21.07.86 के आलोक में दो वर्षो से अधिक समय से निलंबित पदाधिकारियों को अविलंब निलंबन से राज्य सरकार मुक्त करना चाहेगी ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

Truth will Triumph

अध्यक्ष
वैद्यनाथ प्रसाद
( बी. एन. प्रसाद )

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद

संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता


पत्र संख्या

दिनांक

7. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा अन्य विभागों में पदाधिकारियों के पदस्थापन हेतु प्रतिक्षारत अवधि काफी लम्बी हो रही है, उन पदाधिकारियों को प्रावधानानुसार सरकार तुरंत पदस्थापन सुनिश्चित कराना चाहेगी ।

8. स्व0 दिवाकर साह, पूर्व अंचलाधिकारी, बारसोई (कटिहार) का कर्तव्य अवधि में हत्या हो गयी । उनकी विधवा श्रीमति स्मिता साह को अनुकंपा के आधार पर पटना में ही स्नातक अर्हता के पद पर नियुक्ति से प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा ।

9. राज्य हित एवं प्रशासनिक हित में संघ मांग करती है कि नवस्थापित जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचलों में मूलभूत सुविधाऐं तत्परता से उपलब्ध करायी जाय ।

10. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की सेवा शर्तो में सुधार आवश्यक है । केन्द्र सरकार के अनुरुप वेतनमान को आधार रखकर स्तर वार कालावधि का निर्धारण किया गया है । हर दो स्तर के बीच कालावधि को प्रोन्नति के समय में ध्यान में रखा जाता है , परन्तु प्रथम स्तर के प्रोन्नति उस स्तर के कालावधि 8 वर्ष के स्थान पर 15–18 वर्षों के उपरांत हो रहा है इसको ध्यान में नहीं रखा जा रहा है । संघ मांग करती है कि केन्द्र की भांति (टाईम स्केल के रुप में) प्रोन्नतियां दी जाए या कालावधियां उच्च स्तर के लिए आमेलित कर दिया जाय ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

( पंजीयन-633/2003 )

TWT

Truth will Triumph

अध्यक्ष
**वैद्यनाथ प्रसाद**
( बी. एन. प्रसाद )

महासचिव
**विपिन कुमार सिन्हा**
( बी. के. सिन्हा )

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : ( श्री शर्मा ) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
**कृष्ण मुरारी शर्मा**
**अर्जुन प्रसाद**

संयुक्त सचिव
**सहादत हसन मन्टू**
**रजनीश कुमार सिंह**

कोषाध्यक्ष
**महेश प्रसाद गुप्ता**


दिनांक

पत्र संख्या

11- बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी सुदूर क्षेत्रों में पदस्थापित रहते हैं और विगत वर्षों में उनके ऊपर हमला, यहाँ तक कि उनकी हत्या की कई घटनाऐं घटी हैं । संघ मांग करती है कि कार्यालय प्रधान के रुप में पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी पदाधिकारियों को एक–एक अंगरक्षक तथा सरकारी वाहन एवं छोटा आग्नेयास्त्र उपलब्ध करायी जाय ।

12- राजस्व एवं अन्य कई विभागों में बिहार प्रशासनिक सेवा के संवर्गीय पद पर अन्य संवर्गीय पदाधिकारियों का पदस्थापन किये जाने की सूचना संघ को है और इस संबंध में मुख्य सचिव, बिहार सरकार को ज्ञापन देकर संघ द्वारा वस्तुस्थिति से अवगत भी कराया गया है तथा ऐसे पदस्थापन को रद्द करने का भी अनुरोध किया गया है । परन्तु इस संबध में किसी भी प्रकार की कार्रवाई किये जाने सम्बन्धी सूचना संघ को नहीं दी जा रही है । अतः बिहार प्रशासनिक सेवा के संवर्गीय पद पर अन्य संवर्ग के पदाधिकारियों के पदस्थापन को तुरंत रोका जाय ताकि दो संवर्गों में आपसी वैमनस्य न हो ।

25/5/04
(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

20.5.04
(वैद्यनाथ प्रसाद)
अध्यक्ष